# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
**MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY**

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत
NH. 15, Jaisalmer Road, Bikaner- 334004 (Rajasthan) INDIA
दूरभाष/Phoe: 0151-2210076 फैक्स/Fax: 2212042 ई–मेल/E-mail: academicmgsu@gmail.com


क्रमांक : एफ–07(126)मगंसिविबी/शैक्ष./2023/ 10256 दिनांकः 24/8/23

श्रीमान् संयोजक,
अध्ययन मण्डल,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

विषय :– सत्र 2023–24 पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाने के संबंध में।
संदर्भ :– विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक 274 दिनांक 23.08.2023

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए पाठ्यक्रमों की समीक्षा एवं वांछित परिवर्तन के लिए अध्ययन मण्डलों की बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। अध्ययन बोर्ड के प्रस्तावों का अनुमोदन विद्या परिषद की 22 वीं बैठक दिनांक 21.08.2023 में कर दिया गया है। उपरोक्त अनुमोदन के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा संदर्भित आदेश के माध्यम से सत्र 2023–24 हेतु पाठ्यक्रम निर्धारण के संबंध में लिए गए निर्णयों का आदेश जारी कर दिया गया है।

इस संदर्भ में निवेदन है कि आप द्वारा तैयार किये गये प्रस्तावों के अनुरूप पाठ्यक्रमों की प्रति (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी) में 07 दिवस में उपलब्ध करवाने का कष्ट करें। पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाते समय कृपया निम्न बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें ताकि त्रुटि की संभावना न रहे :–

1. संबंधित पाठ्यक्रमों के संयोजकों से अनुरोध है कि सत्र 2023–24 के पाठ्यक्रम में अध्ययन मण्डल में पारित प्रस्ताव एवं विद्या परिषद में लिए गए निर्णय अनुसार पाठ्यक्रम उपलब्ध करावें।
2. पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाते समय इस बात की सुनिश्चितता करलें कि पाठ्यक्रम की विषयवस्तु Irrelevant (असंगत) है तो कृपया उसको हटा देवें।
3. शैक्षणिक सत्र 2023–24 में संयोजकों द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रस्तावित संशोधन/परिवर्तन की सूचना संदर्भ सहित पृथक से विश्वविद्यालय में प्रेषित की जानी भी अपेक्षित है ताकि पाठ्यक्रम प्रकाशन के समय यथानुसार मिलान किया जा सके।
4. प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम में प्रथम पृष्ठ पर प्रश्न पत्र के लिए निर्धारित किया गया समय, पूर्णांक तथा प्रश्नों का आंतरिक विभाजन (यदि कोई हो) तथा अंक विभाजन (Scheme of Examination) का स्पष्टतः उल्लेख किया जाए।
5. यथासम्भव सम्पूर्ण पाठ्यक्रम में इकाईयों की रचना समान करावें।
6. भाषा विज्ञान से जुड़े हुए पाठ्यक्रमों को छोड़कर (अन्य सभी विषयों) के स्नातक/स्नातकोतर स्तर के सभी प्रश्न पत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होते हैं इस बात का स्पष्ट उल्लेख पाठ्यक्रम में प्रश्न पत्र के शीर्ष पर होना चाहिए।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY
राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत
NH. 15, Jaisalmer Road, Bikaner- 334004 (Rajasthan) INDIA
दूरभाष / Phoe: 0151-2210076 फैक्स / Fax: 2212042 ई–मेल / E-mail: academicmgsu@gmail.com

7. प्रत्येक प्रश्न पत्र के पाठ्यक्रम के अंत में संदर्भ पुस्तकों की सूची मय लेखक, प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष आदि अनिवार्य रुप से दें, साथ ही इस बात की सुनिश्चितता करलें कि सदस्यों द्वारा अपनी Reference book (संदर्भ पुस्तक) की अनुशंषा नहीं की जावें।
8. पाठ्यक्रम में Spelling Mistake न हो तथा पाठ्यक्रम की भाषा सरल एवं सुगम रखी जावें।
9. प्रत्येक पाठ्यक्रम कम्प्यूटर पर टाइप कर दो हार्ड कापी तथा दो सी.डी. / डी.वी.डी. / पेन ड्राईव के रुप में विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की जानी हैं। टाइपिंग हिन्दी में Kruti Dev 010 Font (Size 10) तथा अंग्रेजी में Arial Font (Size 10) में टाइप होना चाहिए। यह MS Word 2000 में या उसके बाद के Version में A-4 माप के पृष्ठ पर चारों ओर 1 इंच का Margin छोड़ते हुए 1.5 लाइन स्पेस में टाइप होना चाहिए। प्रतिपेज Composing व दो प्रतियों में Printing की दर अधिकतम रु 10/– प्रति पृष्ठ देय होगी जिसका बिल कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के नाम प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त Spiral Binding व फोटो स्टेट आदि पर होने वाले अतिरिक्त व्यय के रु 500/– अथवा वास्तविक व्यय देय होगा। वास्तविक व्यय का प्रमाणन अध्ययन मण्डल संयोजक द्वारा स्वयं किया जावेगा जिसका भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा।
10. कम्प्यूटर द्वारा मुद्रित पाठ्यक्रम (प्रत्येक पृष्ठ पर मय दिनांक स्वयं के हस्ताक्षर करते हुए) व सी.डी. / डी.वी.डी. / पेन ड्राईव पाठ्यक्रम मण्डल की बैठक के 07 दिन के अंदर विश्वविद्यालय में अतिरिक्त कुलसचिव (शैक्षणिक) को आवश्यक रुप से प्रस्तुत कर दें ताकि सत्रारम्भ के समय मुद्रित पाठ्यक्रम उपलब्ध हो सके। हस्ताक्षर युक्त पाठ्यक्रम को ही विश्वविद्यालय वेबसाईट पर डाला जाएगा ताकि त्रुटि एवं संदेह की संभावना न रहे।
11. तैयार पाठ्यक्रम की सॉफ्ट कॉपी माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में विश्वविद्यालय की पाठ्यक्रम हेतु अधिकृत मेल आई–डी **mgsusyllabus2023@gmail.com** पर भिजवाने का कष्ट करें।
12. पाठ्यक्रम निर्माण के संबंध में पूर्ववर्ती वर्षो में हुई त्रुटियां जिनका सुधार किया जाना अत्यन्त आवश्यक है उनका अलग से उल्लेख करते हुए सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध करावें ताकि त्रुटि रहित पाठ्यक्रम का प्रकाशन करवाया जा सके।
13. समस्त विषयों के पाठ्यक्रम संयोजक अपना मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई डी भी प्रेषित करें जिससे की सूचना का आदान प्रदान किया जा सके।

आप द्वारा शैक्षणिक उन्नयन हेतु किये गये प्रयासों के लिये विश्वविद्यालय परिवार आपका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है, साथ ही यह अपेक्षा करता है कि प्रतिवर्ष की भांति आप इस वर्ष भी सहयोग प्रदान करते हुए निर्देशानुसार कार्यवाही सम्पादित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव